>

Title: Need to accord approval to the proposal for construction of a new reservoir in Nasik, Maharashtra.

श्री समीर भुजबल (नासिक): मेरे नासिक चुनाव क्षेत्र में त्र्यंबकेश्वर तथा कुंभ मेले के लिए देश विदेश से लोग आते हैं। नासिक शहर की आबादी 16 लाख तथा 65 लाख जिले की आबादी हो चुकी है। नासिक में तीन जल स्रोतों से पानी किसान, इंडस्ट्रीयल तथा पीने के लिए बांटा जाता है और गर्मियां में कभी कभी दूसरे जिलों में छोड़ा जाता है, इसलिए यहां और एक बड़े स्तर की योजना त्र्यंबकेश्वर में बनाने की योजना महाराष्ट्र सरकार ने बनायी है और वन मंत्रालय को क्लिअरेंस के लिए भेजी है। जिस जलाशय से पीने के पानी की सप्लाई होती है वह 70 साल पुराना है। मिट्टी-गाद इत्यादि जमा होने के कारण इस जलाशय से पानी का प्रवाह कम होता है। इस मिट्टी (सिल्ट) निकालने के लिए सरकार को 1500 करोड़ खर्चा आएगा। इसलिए 600 करोड़ में इसे नए बनाने की योजना प्रपोजल वन मंत्रालय में निर्णय लेने के लिए भेजा है। यह रिजर्वॉयर पूरा होने से नासिक तथा कुंभ मेले आने वाले तीर्थयात्री तथा किसानों को बहुत लाभ मिलेगा। अगर यह रिजरवायर नहीं बनवाया गया तो 10 साल के बाद यहाँ पीने के लिए पानी नहीं मिलेगा एवं नाशिक शहर के उद्योग बंद हो सकते हैं।

अंतः मैं माननीय वन मंत्री को जल्द से जल्द प्रपोजल को गंभीरता से सोचकर अनुमोदित करने की विनम्रतापूर्वक प्रार्थना करता हू।